राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

एआई तकनीक पर छात्रों के बीच हो अधिक चर्चा : सुबोध

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

■ उत्तरांखड तकनीकी विवि ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

■ तकनीकी शिक्षा मंत्री ने किया एकेडमिक भवन का शिलान्यास

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय का 20वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्ष मंत्री सुबोध उनियाल ने विवि परिसर में निर्मित होने वाले एकेडमिक भवन का शिलान्यास किया। साथ ही परिसर में निर्मित लॉन टेनिस कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट, कैन्टीन भवन, ओपन जिम, स्टूडेंट लाउंज का लोकार्पण भी किया।

शनिवार को कार्यक्रम में तकनीकी शिक्ष मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि तेजी से तकनीकी क्षेत्र में हो रहे बदलाव को देखते हुए आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स व कम्प्यूटिंग जैसे विषयों पर विश्वविद्यालय को छात्र-छात्राओं के बीच अधिक से अधिक चर्चा करनी होगी, ताकि टेक्नोलॉजी का छात्रों द्वारा सही दिशा में इस्तेमाल किया जा सके।

बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष सहसपुर विधायक सहदेव पुण्डीर ने विवि के प्रयासों की सराहना की। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विवि की विगत एक वर्ष की प्रगति से अवगत कराया। साथ ही स्मार्ट इण्डिया हैकाथॉन-2023 की प्रतियोगिता में परिसर संस्थान नन्ही परी सीमान्त इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ की विजेता टीम के छात्रों व उनके मेंटर को सम्मानित किया। बतौर विशिष्ट अतिथि मोनिका गर्ग, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. अनिल आदि ने छात्रों से संवाद कर उन्हें सही दिशा में अपनायी जाने वाली नई-नई तकनीकी से अवगत कराया। कुलसचिव प्रो. सत्येन्द्र सिंह ने सभी का आभार जताया।

इस मौके पर वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डा. वीके पटेल, प्रो. मनोज कुमार पाण्डा, डा. एसके प्रधान, डा. अमित अग्रवाल, डा. एचएल मंदौरिया समेत अनेक लोग मौजूद थे।



पूजा-अर्चना करते तकनीकी शिक्षा मंत्री।